भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की लक्ष्मनगढ़ व नेछवा की कार्यशाला आयोजित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी ।अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ खंड लक्ष्मणगढ़ व नेछवा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर में प्रदेश सभा अध्यक्ष सम्पतसिंह के सानिध्य में आयोजित हुई। आयोजित कार्यशाला में प्रदेश सभाध्यक्ष सम्पत सिंह ने अपने उद्बोधन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की बुनियाद से लेकर जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए शिखर तक पहुँचने में कार्यकर्ता की भूमिका से अवगत करते हुए अपने दायित्वों का पूर्ण मनोयोग व निष्ठा से पालन करने का आव्हान किया। प्रवासी कार्यकर्ता बिहारी सिंह कविया ने सदस्यता प्रक्रिया और योजना के बारे में विस्तारपूर्वक बताया साथ ही संगठन विस्तार में प्रवास के महत्व को समझाया । खंड लक्ष्मणगढ़ के सभाध्यक्ष सुल्तानसिंह भास्कर ने जिला सम्मेलन आयोजन की रुपरेखा प्रस्तुत करते हुए सफ़ल बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की ।इस अवसर पर खंड नेछवा अध्यक्ष ताराचंद दुलर , खण्ड लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष ओमप्रकाश भास्कर , महिला मंत्री ममता व मंजू महिला मंत्री नेछवा ने संगठन को मज़बूती प्रदान करने के दृष्टिकोण से किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विचार प्रकट किए।कार्यक्रम का संचालन संगठन के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह गढ़वाल ने करते हुए संगठन की रीति – नीति से अवगत करवाया।

महात्मा ज्योतिबा फुले को भारत रत्न देने की मांग तेज

झुंझुनूं, । महात्मा ज्योतिबा फुले को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन द्वारा जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा के नेतृत्व में दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि महात्मा ज्योतिबा फुले भारत के महान समाज सुधारक, शिक्षाविद् एवं समानता के अठादूत थे। जिन्होंने समाज में व्याप्त जाति-पाति, छुआछूत और लैंगिक भेदभाव के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। भीम आर्मी के प्रतिनिधियों ने कहा कि फुले ने अपनी पत्नी सावित्रीबाई फुले के साथ मिलकर देश का पहला बालिका विद्यालय शुरू किया। जो उस समय एक ऐतिहासिक और क्रांतिकारी पहल थी। उनके प्रयासों से शिक्षा का व्यापक प्रसार हुआ और समाज में जागरूकता आई। इसके साथ ही उन्होंने सत्यशोधक समाज की स्थापना कर सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आंदोलन चलाया और समाज को समानता, स्वतंत्रता एवं बंधुत्व का संदेश दिया। भीम आर्मी भारत एकता मिशन झुंझुनूं ने अपने ज्ञापन में मांग की कि महात्मा फुले के अतुलनीय योगदान को देखते हुए उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। जिससे उनके आदर्शों को और अधिक बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर आजाद समाज पार्टी जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह चारावास, भीम आर्मी विधानसभा अध्यक्ष कमलेश काला, मंडावा विधानसभा अध्यक्ष सुदर्शन मेहरिया, एडवोकेट राकेश सबलानिया, अशोक, राजेश गोठवाल, मनोज मेहरानिया बजावा, अरविंद कुमावस, विक्रम इंडाली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अतिक्रमण हटाने के कार्य का निरीक्षण

सीकर ।नगर परिषद सीकर द्वारा शहर में सड़कों के चौडाईकरण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस लाइन रोड फाटक नंबर 2 (पुरोहित जी की ढाणी) से शिव मंदिर तक प्रस्तावित 40 फीट सडक चौडाईकरण का कार्य प्रगति पर है। इस अभियान में क्षेत्रवासियों द्वारा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर सराहनीय सहयोग किया जा रहा है । इस कार्य का नगर परिषद के वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ अधिशाषी अभियंता नागरमल, सहायक अभियंता विकास मिश्रा, संबंधित जोन इंचार्ज एवं प्रवर्तन दस्ता टीम उपस्थित रही। वरिष्ठ आयुक्त ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा रहे वार्डवासियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बताया कि इस मार्ग पर पूर्व में नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण का विधिवत चिन्हांकन किया गया था।

इसके पश्चात क्षेत्रवासियों ने प्रशासन के साथ सकारात्मक सहयोग प्रदर्शित करते हुए स्वयं ही अतिक्रमण हटाने की पहल की, जो वर्तमान में भी तेजी से जारी है। बड़ी संख्या में नागरिक इस विकास कार्य में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, लंबे समय से इस मार्ग पर जाम की समस्या बनी हुई थी, जिससे आमजन को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पडता था। सड़क चौडीकरण के पश्चात यातायात व्यवस्था अधिक सुगम होगी तथा क्षेत्र को जाम की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। वरिष्ठ आयुक्त शशिकांत शर्मा ने कहा कि शहर में सडकों का चौडीकरण जोनल प्लान के अनुरूप, पूर्ण पारदर्शिता एवं बिना किसी भेदभाव के किया जा रहा है।

विधायक भांबू की मौजूदगी में विकास कार्यों का लोकार्पण

झुंझुनूं । विधायक राजेंद्र भांबू ने अलीपुर पंचायत में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। इस अवसर पर पंचायत क्षेत्र में पूर्ण हुए लगभग 84 लाख रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का विधायक द्वारा विधिवत लोकार्पण किया गया। अपने संबोधन में भांबू ने कहा कि गांवों का समठा विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता है तथा आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेंद्र भाम्बू का झुंझुनूं विधानसभा का विधायक निर्वाचित होने के उपरांत पंचायत एवं ठाामवासियों की ओर से भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। अलीपुर गांव के आईपीएस राजेश सिंह भाम्बू के राजस्थान पुलिस में महानिरीक्षक (आईजी) पद पर पदोन्नत होने पर उनका सम्मान किया गया। इसके अतिरिक्त भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर विश्वंभर पूनियां का भी सम्मान किया गया। सम्मान की इसी शृंखला में राजकीय जिला बीडीके अस्पताल के पीएमओ बनने पर डॉ. जितेंद्र भांबू तथा अजमेर डिस्कॉम में एक्सईएन ठाामीण के पद पर पदस्थापन होने पर प्रदीप भांबू का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच प्रतिनिधि अजीत भांबू, धर्मपाल भांबू, मुकेश पातुसरी, पीएचईडी की एसईएन निर्मला सैन, राजवीर सिंह, प्रिंसिपल सुरेंद्र भाम्बू, पटवारी मनोज भाम्बू, ठााम विकास अधिकारी संदीप भाम्बू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं ठाामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण एवं ठाामवासियों के सहयोग से हुआ।

बालाजी महाराज की भव्य कलश यात्रा, भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

नीमकाथाना ।सिरोही कस्बे के समीप ढाणी नवोडा स्थित बालाजी महाराज के मंदिर में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। यहां बालाजी महाराज की भव्य कलश यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ निकाली गई, जिसमें सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।भक्तों के अनुसार कलश यात्रा राणासर स्थित निर्झर धाम से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ प्रारंभ हुई। यात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई नवोडा स्थित बालाजी धाम पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान करीब 300 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगलगीत गाते हुए शामिल रहीं, वहीं पुरुष भक्तों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई।कलश यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में बालाजी महाराज की विशेष पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत महाआरती कर भगवान को भोग अर्पित किया गया और फिर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ।

भंडारे में बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसादी ठाहण की।इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने बालाजी महाराज के समक्ष धोक लगाकर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। आयोजन से पूर्व रात्रि में मंदिर परिसर में भव्य जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें भजन कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुतियां दीं। श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे और भजनों का आनंद उठाया।

ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान की छात्राओं का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

- **कक्षा 10 में ऐश्वर्या ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त महिमा (97.83 प्रतिशत), दर्शिका (95.50 प्रतिशत) एवं मोनल (95.33 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

सीकर । ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवसिंहपुरा की छात्राओं ने वर्ष 2026 के बोर्ड परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। कक्षा 10 एवं 12, दोनों स्तरों पर छात्राओं ने श्रेष्ठ अंक प्राप्त करते हुए उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। कक्षा 10 में ऐश्वर्या ने 98.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त महिमा (97.83 प्रतिशत), दर्शिका (95.50 प्रतिशत) एवं मोनल (95.33 प्रतिशत) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 12 के विभिन्न संकायों में कंचन ओला (95 प्रतिशत), महक (93 प्रतिशत), यांशिका (92.40 प्रतिशत) एवं निशिका (91.80 प्रतिशत) सहित अन्य छात्राओं ने भी शानदार परिणाम देकर विद्यालय की उपलब्धियों में वृद्धि की। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की गोल्ड मेडलिस्ट छात्रा कंचन ओला द्वारा मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में विद्यालय परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 45 से अधिक छात्राओं को सम्मानित किया । इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुशीला पूनिया ने छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग को सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में अभिभावकों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कंचन ओला के पिता सीताराम ओला ने कहा कि बच्चों पर अंकों का अनावश्यक मानसिक दबाव नहीं बनाना चाहिए, बल्कि उनकी क्षमता के अनुरूप उन्हें सहयोग एवं प्रोत्साहन देना चाहिए। वहीं महक जोशी के पिता कृष्ण राम जोशी ने कहा कि संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है तथा बच्चों की सफलता ही अभिभावकों के गर्व एवं पहचान का वास्तविक आधार है। संस्थान अध्यक्ष झाबरमल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। विद्यालय परिसर में इस सफलता को लेकर हर्ष एवं गर्व का वातावरण व्याप्त है।

नव प्रवेशी बालकों का स्वागत

सीकर । राज्य सरकार के निर्देशानुसार शैक्षिणक सत्र 2026-27 का शुभारंभ आज से हो गया। इसी क्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय उजीन सिंह कवनाडा बेरी में नव प्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को रोली का तिलक लगाकर, मौली बांधकर एवं मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। प्रधानाध्यापक राज कमल जाखड ने बताया कि विद्यालय की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं से प्रभावित होकर अभिभावक अपने नौनिहालों का प्रवेश कराने बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचे। उन्होंने राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव किए गए हैं, जिससे निश्चित रूप से सरकारी विद्यालयों में नामांकन बढ़ेगा। पहले विद्यार्थियों को परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद लंबी छुट्टियां मिल जाती थीं और वे लगभग डेढ़ महीने तक बिना पुस्तकों के रहते थे। लेकिन इस बार राज्य सरकार के निर्देशानुसार प्रथम परख आयोजित की जाएगी तथा ठाीष्मावकाश के दौरान भी विद्यार्थियों के पास पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी, जिससे वे निरंतर अध्ययन कर सकेंगे। इस अवसर पर 10 नव प्रवेशी विद्यार्थियों का विशेष रूप से स्वागत किया गया।

विद्यालय स्टाफ द्वारा अभिभावकों को विद्यालय की व्यवस्थाओं, नवाचारों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही आगामी शैक्षिणक सत्र की कार्ययोजना भी अभिभावकों के साथ साझा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस दौरान सुरेंद्र सिंह शेखावत, दयाल सिंह, किशोर सिंह एवं भंवर सिंह ने पूजा-अर्चना कर नए सत्र की शुरुआत की। कार्यक्रम में बिंदु सिंह, मंजू देवी, सुनीता मीणा, सुनीता देवी, सजना ढाका, विक्रम सिंह सहित सैकड़ों अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

मृतकों को शहीद मानते हुए श्रद्धांजलि

झुंझुनूं ।दो अप्रैल 2018 को एससी-एसटी एक्ट के समर्थन में हुए ऐतिहासिक आंदोलन के दौरान जिन लोगों का निधन हुआ, उन्हें शहीद मानते हुए अंबेडकर पार्क में एससी-एसटी समाज के विभिन्न सामाजिक संगठन द्वारा श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें झुंझुनूं जिले से शहीद नरेंद्र बेरवाल के परिवार को समाज द्वारा माला व शॉल पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता प्रोफेसर जयलाल सिंह ने की। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कथित शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बलिदान को याद किया। विकास आल्हा ने कहा कि दो अप्रेल 2018 का दिन भारतीय इतिहास में सामाजिक न्याय की लड़ाई के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

अवकाशों में मनमानी कटौती को वापस लेने की मांग को लेकर शिक्षक संघ का आंदोलन का ऐलान

- **जयपुर में आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में झुंझुनूं से भी पदाधिकारियों ने लिया हिस्सा**

झुंझुनूं, । राजस्थान शिक्षक संघ (सियाराम) के संरक्षक मंडल एवं नवनिर्वाचित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक संगठन के लाल कोठी जयपुर स्थित प्रांतीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें झुंझुनूं से भी शिक्षक नेताओं और संगठन के पदाधिकारियों ने हिस्सा लियङ्ग। प्रदेश महामंत्री रामदयाल मीणा ने बताया कि बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने शिविरा पंचांग 2026-27 में ठाीष्मावकाश व संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश में कटौती का कड़ा विरोध किया है। राजस्थान की भौगोलिक परिस्थितियों व भीषण गर्मी को देखते हुए जून माह में विद्यालय खोलना पूर्णतया अव्यावहारिक है। क्षेत्रीय व स्थानीय उत्सवों एवं आयोजनों में राजकीय अवकाश नहीं होने पर भी वहां के शत प्रतिशत बालकों की भागीदारी उसमें रहती है। इसी कारण से संस्था प्रधान द्वारा दो अवकाश घोषित किए जाने का प्रावधान रखा गया हैं। इसमें कटौती किया जाना समझ से परे है।बैठक में चर्चा हुई कि शिक्षा विभाग द्वारा इस प्रकार के गलत व अव्यावहारिक निर्णय लेने से सरकार की छवि भी धूमिल हुई है। प्रदेश मुख्य महामंत्री उम्मेद सिंह डूडी ने बताया कि विभिन्न प्रकार के अवकाशों में की गई कटौती को तत्काल दूर कर शिविरा कैलेंडर में संशोधन की मांग को लेकर संगठन ने आंदोलन की घोषणा की है। आंदोलन के विभिन्न चरणों में सात अप्रेल को सभी शिक्षक काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

इसी क्रम में आठ अप्रेल को उपशाखा स्तर से उपखंड अधिकारी व 20 अप्रेल को जिला स्तर से जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। आंदोलन के इसी क्रम में 18 मई को शिक्षा मंत्री के विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में विरोध प्रदर्शन करते हुए विशाल शिक्षक रैली निकाली जाएगी।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक सियाराम शर्मा ने कहा कि शिक्षा मंत्री के सलाहकारों की अदूरदर्शिता एवं विभागीय नासमझी के कारण शिक्षा, शिक्षार्थियों व शिक्षकों से जुडे महत्त्वपूर्ण मुद्दों पर समय पर निर्णय नहीं लिया जा रहा है। जिससे राज्य में शिक्षा व शिक्षार्थियों का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। प्रदेश प्रवक्ता मुकेश कुमार मीणा ने बताया कि बैठक में संगठनात्मक मुद्दों व सदस्यता अभियान पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

एमडी चोपदार का कद बढ़ा, एआईसीसी की सलाहकार परिषद में मिली जगह

झुंझुनूं, । कांग्रेस पार्टी के युवा और सक्रिय नेता एडवोकेट एमडी चोपदार का कद एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। आल इंडिया कांठोस कमेटी द्वारा अल्पसंख्यक विभाग के लिए गठित एडवाइजरी कौंसिल (सलाहकार परिषद) में देशभर के 60 प्रमुख नेताओं की सूची में उनका नाम शामिल किया गया है। इस सूची में राजस्थान से कुल तीन नेताओं को स्थान मिला है। जिनमें आदर्श नगर से विधायक रफीक खान, किशनपोल से विधायक आमीन कागजी और झुंझुनूं के प्रमुख कांठोस नेता व अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट एमडी चोपदार शामिल हैं। यह चयन न केवल चोपदार की संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है। बल्कि पार्टी में उनकी बढ़ती स्वीकार्यता का भी संकेत है। एमडी चोपदार लंबे समय से कांठोस के अल्पसंख्यक विभाग में एक मजबूत और उभरते हुए युवा चेहरे के रूप में पहचान बना चुके हैं। उन्हें अब तक महाराष्ट्र, बिहार, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब जैसे कई राज्यों के विधानसभा और लोकसभा चुनावों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जा चुकी हैं।

वर्तमान में भी वे असम में पार्टी प्रत्याशियों के प्रचार और चुनावी रणनीति को मजबूत करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। राजस्थान में भी विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान उनकी भूमिका प्रभावशाली रही है। संगठन के प्रति उनकी सक्रियता, रणनीतिक सोच और जमीनी पकड के कारण वे लगातार शीर्ष नेतृत्व के भरोसेमंद नेताओं में शामिल होते जा रहे हैं। अपनी नियुक्ति पर एमडी चोपदार ने कांठोस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांठोस के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल एवं अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज्य सभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस नई जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ करेंगे।

उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक बडी जवाबदेही भी है। जिसे वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाएंगे। एमडी चोपदार का राष्ट्रीय स्तर की इस महत्वपूर्ण समिति में शामिल होना यह स्पष्ट करता है कि कांग्रेस संगठन में उनका कद लगातार बढ़ रहा है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके गृह जिले झुंझुनूं ही नहीं, बल्कि पूरे राजस्थान में खुशी और उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

डॉ. अरूणा सिहाग को विधायक ने दी बधाई

झुंझुनूं, ।भारतीय जनता पार्टी राजस्थान प्रदेश महिला मोर्चा में जिले से डॉ. अरुणा सिहाग को महामंत्री नियुक्त किए जाने पर झुंझुनूं विधानसभा क्षेत्र में हर्ष एवं उल्लास का वातावरण है। इस अवसर पर झुंझुनूं विधानसभा के विधायक राजेंद्र भाम्बू ने डॉ. अरुणा सिहाग को मिठाई खिलाकर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विधायक भाम्बू ने कहा कि डॉ. अरुणा सिहाग की यह नियुक्ति महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उनके अनुभव, कार्यकुशलता एवं संगठन के प्रति समर्पण से प्रदेश महिला मोर्चा को नई ऊर्जा एवं मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. अरुणा सिहाग अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन कर पार्टी संगठन को और अधिक सुदृढ़ करेंगी।

सीकर में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

सीकर । महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनीता पाण्डेय ने बताया कि राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय, सीकर में बुधवार को महाविद्यालय क्रीडा समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई प्रथम एवं द्वितीय, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी), महिला प्रकोष्ठ तथा आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वावधान में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत 100 मीटर, 400 मीटर एवं 800 मीटर दौड़, रस्साकशी तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। 100 मीटर दौड में कृष्णा दाधीच प्रथम, हर्षित दीक्षित द्वितीय एवं अजय वशिष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में सज्जन कुमार प्रथम, मोहित मीणा द्वितीय तथा आर्यन बोहरा तृतीय स्थान पर रहे । 800 मीटर दौड़ में मोहित मीणा प्रथम, सज्जन कुमार द्वितीय एवं मुरारी लाल कुमावत तृतीय स्थान पर रहे। रस्साकशी (पुरुष वर्ग) में टीम प्रताप विजेता तथा टीम शिवाजी उपविजेता रही।

भक्ति और उल्लास के साथ हनुमान जन्मोत्सव मनाया

- **पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शहरवासियों ने भक्ति की गंगा में डुबकी लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सात बजे मारवाडी युवा मंच के सानिध्य में हुआ**

झुंझुनूं ।शेखावाटी की पावन धरा झुंझुनू के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्र श्री मुनि आश्रम बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व अगाध श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पावन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में शहरवासियों ने भक्ति की गंगा में डुबकी लगाई। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम सात बजे मारवाड़ी युवा मंच के सानिध्य में हुआ।

मंच के सदस्यों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय हनुमान चालीसा के पाठ ने संपूर्ण परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात रात्रि साढ़े बजे भव्य महाआरती का आयोजन हुआ। जिसमें उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों से आसमान गूंज उठा। इस पावन अवसर पर शाकंभरी स्थित मुनि आश्रम से पधारे महाराज दीपकदास ने हनुमान चालीसा एवं महाआरती में विशेष रूप से भाग लिया। पाटोदिया परिवार की ओर से प्रदीप पाटोदिया ने महाराज जी का माल्यार्पण कर और शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर पर राजनीति और समाजसेवा से जुड़ी कई प्रमुख हस्तियों ने बालाजी महाराज के दरबार में मत्था टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया।

मुख्य रूप से झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरि, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ. अरूणा सिहाग, भाजपा के पूर्व जिला मंत्री महेंद्र चंदवा तथा मुरारी सैनी आदि प्रमुख रहे। ट्रस्ट के प्रदीप पाटोदिया ने बताया कि जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में बालाजी महाराज को 56 भोग का विशेष प्रसाद अर्पित किया गया। महाआरती के उपरांत रात को विशाल भंडारे (महाप्रसाद) का आयोजन हुआ। जिसमें सभी आगंतुकों ने बड़े चाव से प्रसाद ठाहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने और अतिथियों के स्वागत-सत्कार में पाटोदिया परिवार एवं ट्रस्ट के सदस्य पूरी तन्मयता से जुटे रहे। इस दौरान प्रदीप पाटोदिया, जगदीश प्रसाद पाटोदिया, जुगल किशोर पाटोदिया, सुरेश पाटोदिया, राजेश पाटोदिया, पंकज पाटोदिया, अमित पाटोदिया और अंकित पाटोदिया ने सभी आगंतुकों का आतिथ्य सत्कार किया। ट्रस्ट के कर्मठ कार्यकर्ता प्रकाश शर्मा, मोहनलाल बियाला एवं परमेश्वर हलवाई सहित अन्य सहयोगियों ने व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संभाला। रंग-बिरंगी रोशनी और सुगंधित फूलों से सजा मंदिर परिसर अपनी अलौकिक आभा बिखेर रहा था। विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया।

सार-समाचार

पाटन खंड में शिक्षकों की एकजुटता पर जोर, संगठन सुदृढ़ करने का आव्हान

पाटन । निकटवर्ती ग्राम हसामपुर स्थित शहीद प्रमोद कुमार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (विद्यालय शिक्षा) पाटन खंड की बैठक उत्साहपूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीईईओ रायपुर ओमप्रकाश गुर्जर ने की।बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य चरणजीत सिंह डूकिया ने शिक्षक हितों से जुडे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए शिक्षक संघ के नए नाम को स्थापित करने के लिए अधिक मेहनत करने का आ ान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पाटन खंड अध्यक्ष बजरंग लाल सैन, मंत्री ख्याली राम यादव एवं कोषाध्यक्ष लालचंद यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं पाटन खंड उपाध्यक्ष नीलकमल स्वामी ने बने हम हिंद के योगी, धरेंगे ध्यान भारत का गीत की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर वातावरण को प्रेरणादायी बना दिया।इस अवसर पर विष्णु कुमार शर्मा, राजेश कुमार सैन, संदीप गुर्जर, गिरिराज जांगिड़, अब्दुल वहिद, राजेश कुमार स्वामी, विकास मंडोवरा, शीशपाल सैनी, धनंजय जांगिड, मुकेश यादव एवं रामावतार महरडा सहित अनेक शिक्षक उपस्थित रहे।

अमित चाचाण प्रचार करेंगे

नोहर, (निसं)। अखिल भारतीय कांठोस कमेटी के निर्देशानुसार आसाम विधानसभा चुनाव- 2026 के आगामी 09 अप्रैल, 2026 को होने वाले मतदान हेतु राजस्थान प्रदेश कांठोस कमेटी की ओर से नोहर विधायक अमित चाचाण को पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार-प्रसार की ज़िम्मेदारी सौंपी गई है। राजस्थान कांठोस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह टोडासरा द्वारा विधायक को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। आसाम पहुंचकर विधायक जुटेंगे चुनाव प्रचार-प्रसार में।

नोहर में ओलावृष्टि से फसलों का भारी नुकसान, विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

नोहर,(निसं)। क्षेत्र में में हुई ओलावृष्टि से किसानों की फसलें बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। इसको लेकर विधायक अमित चाचाण ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर विशेष गिरदावरी करवाने और प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा दिलाने की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में बताया कि नोहर विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में ओलावृष्टि के कारण गेहूं, सरसों सहित अन्य रबी फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई हैं। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है, जिससे उनकी स्थिति चिंताजनक हो गई है। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि प्रभावित क्षेत्रों में तुरंत सर्वे कराकर वास्तविक नुकसान का आकलन किया जाए और किसानों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें आर्थिक संबल मिल सके। साथ ही भविष्य में ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए ठोस कदम उठाने की भी आवश्यकता बताई। विधायक ने कहा कि समय रहते राहत नहीं मिलने पर किसानों की परेशानी और बढ़ सकती है, इसलिए सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता दिखाते हुए जल्द कार्रवाई करनी चाहिए।

भाजपा में जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त

सीकर । अंबेडकर जयंती समारोह को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने जिला संयोजक व सहसंयोजक नियुक्त किए हैं। जिला महामंत्री राजेश रोलन ने बताया कि अंबेडकर जयंती समारोह के लिए संयोजक के पद पर जिला महामंत्री पूर्णमल गुर्जर को नियुक्त किया है। वहीं सहसंयोजक के पद पर प्रभुसिंह सेवद, निश्चय जीनगर, विश्वास गढ़वाल व कविता चौधरी को नियुक्त किया है।

ग्राम पंचायतों में जनसुनवाई 2 को

सीकर । जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बताया कि मुख्य सचिव के निर्देशानुसार 2 अप्रैल 2026 गुरूवार को जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक ठााम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया जावेगा। जिला कलेक्टर शर्मा ने बताया कि धोद की ठााम पंचायत नेतडवास, दांतारामगढ़ की रूपगढ़, फतेहपुर की ठााम पंचायत बीबीपुर छोटा में मुख्य सचिव द्वारा वीसी के माध्यम से समीक्षा की जायेगी।

केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने किए बाबा श्याम के दर्शन

सीकर । सीकर जिले के खाटूश्यामजी कस्बे स्थित प्रसिद्ध बाबा श्याम के दरबार में केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा देश-प्रदेश में सुख, शांति एवं खुशहाली की मंगलकामना की। दर्शन के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मंदिर परिसर में उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर, थानाधिकारी पवन कुमार चौबे एवं पटवारी रोहिताश सैपट ने उनकी अगवानी की।

शिक्षक संघ प्रगतिशील की आवश्यक बैठक

नोहर, (निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील उप शाखा नोहर की आवश्यक बैठक उठासेन सहारण की अध्यक्षता में महात्मा गांधी स्कूल नंबर एक नोहर में आयोजित की गई। जिसमें सत्र 2026 -27 का सदस्यता अभियान शुरू करने पर चर्चा की गई, साथ ही सरकार द्वारा तृतीय श्रेणी अध्यापकों की डीपीसी एवं स्थानांतरण करने और पश्चिमी राजस्थान में जून माह में अधिकतम तापमान रहने के कारण विद्यालय का समय 20 जून से विद्यार्थियों के लिए अनुकूल नहीं है। ग्रीष्म अवकाश 30 जून तक यथावत रखने, संस्था प्रधान द्वारा घोषित अवकाश 2 यथावत रखने एवं गैर शैक्षिणक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग की गई। बैठक के दौरान रणजीत सिंह गोदारा, नरेश कुमार, जगदीश प्रसाद स्वामी, हंसराम महरिया, ओम प्रकाश सुथार, विकास सहारण, किशोर कुमार गोदारा, राकेश कुमार गोदारा, देशराज, दिलीप कुमार, आदि मौजूद रहे।

लक्ष्मणगढ़ शहरी क्षेत्र में 3 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सुविधाएं संचालित

लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी । शहर के विभिन्न क्षेत्रो में चिकिस्ता विभाग राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत 3 शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में नियमित ओपीडी सेवाये आरम्भ कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार इन आरोग्य केंद्रों पर नियमित रूप से प्रात:कालीन एवम सायंकालीन पारी में ओपीडी सेवाये दी जाएंगी जहां पर सामान्य रोगियों को इलाज की सुविधा एवं नि:शुल्क दवाईयां एवं सामान्य जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी। संस्थान पर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चो के टीकाकरण का कार्य भी किया जाएगा। एवं आयुष्मान भारत के अंतर्गत योग एवं वेलनेस गतिविधियां एवं अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

राजस्थान सरकार

कार्यालय नगरपरिषद सरदारशहर (जिला चूरू)

तहसील परिसर, गाँधी चौक के पास सरदारशहर 331403

क्रमांक-न.प.स./2025-26/2437-40 दिनांक-23.03.2026

लोक सूचना

इस कार्यालय में निम्नांकित व्यक्तियों के द्वारा उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन (आवासीय प्रयोजनार्थ) के उपयोग हेतु ऐसी भूमि को अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि निम्न है-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खातेदार/आवेदक का नाम	भूमि का स्थान	खसरा नं.	क्षेत्रफल हैक्टेयर
जिला-चूरू तहसील-सरदारशहर	रोही हरियासर घड़सौतान	मोहम्मद असलम/ सरफदीन धोबी	रोही हरियासर घड़सौतान	630/187	1.95 हैक्टेयर
जिला-चूरू तहसील-सरदारशहर	रोही हरियासर घड़सौतान	मोहम्मद असलम/ सरफदीन धोबी	रोही हरियासर घड़सौतान	639/629	1.00 हैक्टेयर
जिला-चूरू तहसील-सरदारशहर	रोही हरियासर घड़सौतान	मोहम्मद असलम/ सरफदीन धोबी	रोही हरियासर घड़सौतान	638/629	1.00 हैक्टेयर
जिला-चूरू तहसील-सरदारशहर	रोही हरियासर घड़सौतान	श्री रावताराम/ लेखराम मेघवाल	रोही हरियासर घड़सौतान	181	2.0 हैक्टेयर

प्रयोजन-आवासीय प्रयोजनार्थ

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षर के समक्ष समर्थक दस्तावजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर मुहर के अधीन आज दिनांक 23.03.2026 को जारी की गयी है।

प्राधिकृत अधिकारी, नगरपरिषद सरदारशहर